हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 6 मई  2026, समय 18:10 (10  मिनट)

==================================================

- केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा- भारतीय उद्योग जैव द्रव्यमान से बायो CNG बनाने पर काम कर रहे हैं।

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 5 हज़ार 659 करोड़ रुपए के कपास उत्पादकता मिशन 'कपास कांति' को मंजूरी दी।

- मंत्रिमंडल ने वर्ष 2026-27 के चीनी सीज़न के लिए गन्ने का उचित मूल्य 365 रुपए प्रति क्विंटल तय किया ।

- देश में लगभग 6 लाख 31 हज़ार नए PNG कनेक्शन लेने वालों को गैस आपूर्ति शुरू हुई।

- राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉक्टर धीर सिंह ने किसानों से मेरा गांव मेरा गौरव कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

- हरियाणा का जींद ज़िला देश को अन्धता मुक्त बनाने के लिए शुरू किए गए राष्ट्रीय सर्वेक्षण के लिए चुना गया।

=========================

केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि इलेक्ट्रिक वाहनों को खरीदने के लिए लोगों में उत्साह बढ़ रहा है। नई दिल्ली में एक निजी ऑटो सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री गडकरी ने कहा कि जीवाश्म ईंधन के सर्वोत्तम विकल्पों के उपयोग और जनता के बीच इसके प्रचार-

प्रसार के लिए व्यापक शोध किया जा रहा है। भारतीय उद्योग जैव द्रव्यमान से बायो-CNG बनाने पर भी काम कर रहे हैं।

वैकल्पिक ईंधन के उत्पादन में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर देते हुए श्री गडकरी ने कहा कि किसानों की भूमिका केवल खाद्य उत्पादन तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि वे ऊर्जा, बिटुमेन और हाइड्रोजन के उत्पादक भी बन रहे हैं।

===========================

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत के कपास क्षेत्र में बाधाओं, घटती वृद्धि और गुणवत्ता संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए पांच हजार छह सौ 59 करोड़ रुपये की लागत के साथ कपास उत्पादकता मिशन "कपास कांती" को मंजूरी दी है।

नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह मिशन सरकार के 5-एफ विजन के अनुरूप है। इसका उद्देश्य कपास का उत्पादन बढ़ाना है।

मंत्रिमंडल ने वर्ष 2026-27 चीनी सीजन के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य तीन सौ 65 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। श्री वैष्णव ने कहा कि इस निर्णय से लगभग पांच करोड़ गन्ना किसानों के साथ-साथ चीनी मिलों में कार्यरत लगभग पांच लाख श्रमिकों को लाभ मिलेगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आपातकालीन ऋण गारंटी योजना के पांचवें चरण को भी मंजूरी दे दी है। इस योजना के अंतर्गत, सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को सौ प्रतिशत ऋण गारंटी प्रदान की जाएगी, जबकि गैर-सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों और एयरलाइन क्षेत्र को 90 प्रतिशत गारंटी दी जाएगी। मंत्रिमंडल ने ने इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के अंतर्गत दो और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है।

==================================

केंद्र सरकार ने कहा है कि देशभर में घरेलू एलपीजी वितरण सामान्य रूप से जारी है।

नई दिल्ली में आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

संयुक्त सचिव ने बताया कि लगभग 6 लाख 31 हजार नए पीएनजी कनेक्शनों को गैस आपूर्ति शुरू हो गई है और इसके अतिरिक्त दो लाख 67 हजार कनेक्शनों के लिए बुनियादी □ांचा तैयार किया गया है। संयुक्त सचिव ने बताया कि 49 हजार से अधिक पीएनजी उपभोक्ताओं ने स्वेच्छा से अपने एलपीजी कनेक्शन छोड़ दिए हैं।

===============================

राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान-एनडीआरआई के निदेशक डॉ. धीर सिंह ने किसानों से केन्द्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया 'मेरा गाँव मेरा गौरव' कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

आज करनाल में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत कृषि वैज्ञानिक सीधे किसानों से जुड़कर उन्हें आधुनिक तकनीकों और शोधों के बारे बता रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बहुत से शोधों के आधार पर रासायनिक खाद के अत्यधिक प्रयोग को कम किया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि एक सीमा के बाद खादों का अधिक उपयोग मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

डॉ धीर सिंह ने कहा कि सीवरेज के शोधित पानी का खेती में प्रयोग करने से खाद की 20 से 25 प्रतिशत तक बचत की जा सकती है। उन्होंने कहा कि

संस्थान में भी इस पानी का प्रयोग किया जा रहा है जिसके अच्छे परिणाम मिले हैं।

एक सवाल के जवाब में निदेशक ने कहा कि बकरी के दूध व उन पदार्थों का नैदानिक परीक्षण किया जा रहा है, जिनके बारे में मान्यता है कि वे मानव स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं।

====================================

भारत सरकार और ऑल इंडिया ऑप्थल्मिक सोसायटी के तत्वावधान में देश को अंधता मुक्त बनाने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया गया है।

इस राष्ट्रीय सर्वेक्षण -प्रोजेक्ट सी के लिए हरियाणा प्रदेश से जींद जिले का चयन किया गया है। दिल्ली एम्स के विशेषज्ञों द्वारा 14 मई तक चलने वाले इस 10 दिवसीय अभियान के तहत स्कूली बच्चों और ग्रामीण आबादी की आंखों की सघन जांच की जाएगी।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. रमेश पांचाल ने बताया कि जींद को इस प्रायोगिक परियोजना के लिए इसकी पिछली उपलब्धियों के आधार पर चुना गया है।

जींद के उप सिवल सर्जन डॉ रमेश पांचाल ने बताया कि जिले के 16 स्कूलों में यह सर्वेक्षण किया जाएगा।

====================================

हरियाणा के जनगणना निदेशक डॉक्टर ललित जैन ने आज रोहतक जिले में चल रही जनगणना के काम की समीक्षा की। लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक के दौरान उन्होंने जनगणना का कार्य पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। एक मई को शुरू हुए इस चरण के तहत 30 मई तक मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है।

डॉक्टर ललित जैन ने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में 33 प्रश्नों के माध्यम से मागरिकों की आवासीय सुविधाएं, जीवन स्तर, इंटरनेट की सुविधा, LPG, बिजली, वाहन, शौचालय, जल स्रोत व मकान की स्थिति संबंधी जानकारी एकत्रित की जा रही है। प्रथम चरण में नागरिकों से आधार कार्ड या पैन कार्ड की जानकारी नहीं ली जा रही है। उन्होेंने नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना कर्मियों के साथ सहयोग करें और सही जानकारी दें। डॉक्टर ललित जैन ने बताया कि स्वगणना अभियान के तहत हरियाणा में 3 लाख परिवारों ने जानकारी मुहैया कराई है।

==============================================

अब कुछ खबरें संक्षेप में:

बल्लभगढ़ के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने आज सुबह क्षेत्र की दौ गौशालाओं को 39 लाख 72 हज़ार रुपए से अधिक की आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य गौवंश के संरक्षण के साथ-साथ गौशालाओं के संचालन को मजबूत करना है। गांव छायंसा स्थित द पिंजरापोल सोसाइटी गौशाला को हरियाणा सरकार की ओर से 33 लाख नवासी हज़ार 280 रुपए का चेक और गांव मोहना की गौ सेवा समिति को 5 लाख 83 हज़ार 740 रुपए का राशि का चेक प्रदान किया गया।

=================================

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज पलवल जिले की बहरोला पुलिस लाइन में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने किया। योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में शिविर में पुलिस अधिकारियों व जवानों को योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न आसनो का अभ्यास कराया गया।

===================================